# आईडीए द्वारा नंदा नगर में तीन मंजिला सीएम राइज स्कूल तैयार

▶ 30 करोड़ की लागत से बने स्कूल में ढाई हजार बच्चों के पढ़ने की व्यवस्था

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. शहर के नंदा नगर में सीएम राइज स्कूल बनकर तैयार हो गया है. उक्त स्कूल का निर्माण आईडीए ने 30 करोड़ रुपए लागत से किया है. तीन मंजिला स्कूल भवन में हर मंजिल पर 48 क्लास रूम है. वहीं प्राचार्य से लेकर लेब जैसी सुविधाओं के 28 रूम अलग बनाएं गए है. तीन मंजिला स्कूल में एक लाख वर्ग फीट से ज्यादा निर्माण कार्य हुआ है. सीएम राइज स्कूल में ढाई हजार बच्चों के पढ़ने की व्यवस्था होगी. खास बात यह है कि स्कूल के नए तीन मंजिला भवन लोकार्पण का इंतजार है.**



शहर के नंदानगर में 80 हजार वर्ग फीट से ज्यादा जमीन पर तीन मंजिला स्कूल का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है. उक्त स्कूल सीएम राइज स्कूल में शामिल है. स्कूल भवन की हर मंजिल पर 25 से 28 हजार वर्ग फीट निर्माण किया गया है. तीन मंजिला स्कूल भवन के एक लाख वर्ग फीट से ज्यादा निर्माण पर 30 करोड़ रुपए की लागत आई है. स्कूल का काम दिसंबर 2023 में शुरू हुआ था और अब स्कूल भवन बनकर तैयार हो गया है. स्कूल भवन निर्माण का ठेका आईडीए ने सूरत की नटवर कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया है. नंदा नगर के सीएम राइज स्कूल में ढाई हजार से ज्यादा छात्र-छात्राओं के बैठने और पढ़ने के व्यवस्था होगी. स्कूल दो शिफ्ट में लगेगा. पहली शिफ्ट केजी से लेकर 5 वीं तक और दूसरी शिफ्ट 6 से 12 वीं कक्षा तक की होगी. स्कूल भवन की भव्यता से अंदाजा लगाया जा सकता है कि सरकारी स्कूल भी किसी कॉन्वेंट स्कूल से कम नहीं है. बस शिक्षक और विद्यार्थी दोनों का समागम होना बाकी है. नए स्कूल भवन के लोकार्पण कार्यक्रम अभी तय नहीं हुआ है, लेकिन स्कूल भवन में सिर्फ शिक्षा विभाग से फर्नीचर के व्यवस्था अभी नहीं की गई है. आईडीए के अनुसार स्कूल प्राचार्य और कार्यालय के अन्य फर्नीचर का काम मार्च अंत तक पूरा हो जाएगा.

### अगले महीने लोकार्पण की तैयारी : विधायक

क्षेत्रीय विधायक रमेश मेंदोला ने कहा कि स्कूल में अभी थोड़ा काम बाकी है, उसके पूरा होते ही अगले महीने स्कूल का लोकार्पण करने की तैयारी है.

**स्कूल में होगी निम्न सुविधाएं**-तीन अलग अलग केटेगरी के स्टाफ रूम, दो लाइब्रेरी, साइंस की तीन लैब, दो कंप्यूटर लैब, कैफेटेरिया, ब्वॉयज और गर्ल्स के अलग-अलग कॉमन रूम, प्राचार्य, उप प्राचार्य, डाइनिंग हॉल, किचन, म्यूजिक, स्पोर्ट्स, डांस और स्टोर रूम भी अलग से होंगे.

**40 बच्चों के बैठने की व्यवस्था**-नंदानगर में बन रहे तीन मंजिला स्कूल भवन की प्लानिंग इस तरह से की गई है कि केजी से लेकर केजी सेकंड तक के 25 बच्चों के बैठने के लिए 6 रूम, कक्षा 1 से 12 वीं तक के 40 बच्चें एक रूम बैठ सकेंगे. इसके अलावा 25 कमरों और 3 हॉल में मिड डे मिल, लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब होगी. साइंस के तीनों विषय फिजिक्स, केमेस्ट्री और बायोलॉजी की भी अलग अलग लैब का प्रावधान किया गया है.

**इस तरह बन रहा है तीन मंजिला स्कूल**- तल मंजिल पर 28092 वर्गफीट , - पहली मंजिल पर 28361 वर्गफीट ,- दूसरी मंजिल पर 26246 वर्गफीट ,- तीसरी मंजिल पर 25568 वर्ग फीट , इस तरह कुल 108,267 वर्गफिट का निर्माण किया जा रहा है।

## आज मुख्यमंत्री जल गंगा संवर्धन अभियान की शुरूआत करेंगे

▶ शहर के तालाब जीर्णोद्धार कार्यों का होगा भूमिपूजन

**इंदौर. प्रदेश के मुख्यमंत्री आज से शहर में गंगा जल संवर्धन अभियान शुरू करेंगे. इसके तहत मुख्यमंत्री आज सुबह निपानिया तालाब स्थल पर जल संवर्धन अभियान का भूमिपूजन करेंगे.**

महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा के पावन अवसर पर शहर में जल संरक्षण कार्य का शुभारंभ करेंगे. महापौर भार्गव ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा निपानिया स्थित इस्कॉन मंदिर एवं निपानिया तालाब स्थल पर सुबह 11 बजे राज्य स्तरीय जल गंगा संवर्धन अभियान का भूमिपूजन करेंगे. नगर निगम शहर में लगभग 21.43 करोड़ रुपए की लागत से अमृत 2.0 योजना के तहत छोटा सिरपुर, लिम्बोदी एवं बिलावली तालाब का जीर्णोद्धार एवं विकास कार्यों किया जाएगा. साथ ही 1.77 करोड़ रुपए की लागत से निपानिया तालाब का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा. महापौर ने बताया कि अमृत 2.0 योजना में बिलावली तालाब का 12.72, लिम्बोदी तालाब 4.89 तथा छोटा सिरपुर तालाब का 3.82 करोड़ रुपए से जीर्णोद्धार कार्य किया जाएगा. उक्त अभियान में तालाबों जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने, पर्यावरण संरक्षण एवं शहर के प्राकृतिक जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने का काम होगा. कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद, विधायक, सभापति, महापौर परिषद सदस्य, पार्षदगण एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे.

## मेट्रो के दूसरे चरण का लोकार्पण समारोह 27 को संभावित

▶ केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर के इंदौर आने की संभावना

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. मेट्रो रेल के दूसरे चरण का लोकार्पण 27 मार्च को संभावित है. मेट्रो के व्यवसायिक संचालन का शुभारंभ करने केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर के इंदौर आने की संभावना है. इसके लिए शासन स्तर पर तैयारियां तेज हो गई है.**

मेट्रो रेल के दूसरे चरण के सुपर कॉरिडोर 02 से मालवीय नगर चौराहे तक 11.5 किलोमीटर लंबी लाइन का काम पूरा हो गया है. उक्त दूसरे चरण में 11 मेट्रो स्टेशन का निर्माण भी किया गया है. मेट्रो प्राथमिक कॉरिडोर के दूसरे चरण का सत्यापन मेट्रो रेल कमिश्नर सुरक्षा ने कर लिया है. कल शाम उनका अंतिम जांच और निरीक्षण कार्य पूरा हो गया है और वे आज सुबह दिल्ली लौट गए है. मेट्रो रेल लाइन निर्माण पर शासन को करीब 7500 हजार करोड़ का बजट था. यह बात अलग है कि खजराना से हाईकोर्ट तक अंडर ग्राउंड होने से 900 करोड़ रुपए लागत बढ़ गई है. दूसरी ओर एयरपोर्ट से रेलवे स्टेशन तक का काम टाटा और हिंदुस्तान कॉर्प मिलकर कर रहे हैं.



### औपचारिक तैयारी शुरू की

सुपर कॉरिडोर 02 से लेकर मालवीय नगर चौराहे तक मेट्रो के व्यवसायिक संचालन का लोकार्पण समारोह लवकुश चौराहे या विजय नगर चौराहे पर होने की चर्चा है. मेट्रो दूसरे चरण का लोकार्पण 27 मार्च को संभावित है और मेट्रो को हरी झंडी दिखाने केंद्रीय मंत्री मनोहरलाल खट्टर के आने की संभावना है. बताया जा रहा है कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने शासन स्तर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से बात कर कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की तैयारी शुरू करने के लिए औपचारिक तैयारी शुरू कर दी है.

## एमबीए सेमेस्टर-1 का रिजल्ट जारी, पास प्रतिशत में मामूली सुधार

▶ रीवैल्यूएशन और ग्रेस मार्क्स के बाद भी प्रदर्शन कमजोर

▶ मार्केटिंग में सबसे खराब परिणाम

**नव भारत न्यूज**

**इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय ने लगभग दो सप्ताह की देरी के बाद बुधवार को एमबीए प्रथम सेमेस्टर का परिणाम घोषित कर दिया. विश्वविद्यालय द्वारा पहले कमजोर प्रदर्शन के चलते रिजल्ट रोक लिया गया था और दोबारा मूल्यांकन कराया गया, लेकिन इसके बावजूद परिणामों में खास सुधार नहीं देखा गया.**

रीवैल्यूएशन, स्टेप मार्किंग और ग्रेस मार्क्स देने के बाद पास प्रतिशत 24% से बढ़कर 27% तक पहुंचा, जो अब भी संतोषजनक नहीं माना जा रहा है. एमबीए कोर में 10 हजार से अधिक छात्रों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से केवल करीब 2,700 छात्र ही सफल हो सके.



**न्यूमेरिकल विषय बने बड़ी चुनौती**-परीक्षा नियंत्रक डॉ. आशीष तिवारी के अनुसार, क्वांटिटेटिव टेक्निक्स और अकाउंटिंग जैसे न्यूमेरिकल विषय छात्रों के लिए सबसे अधिक कठिन साबित हुए. यही कारण रहा कि कई कोर्स में परिणाम कमजोर रहे.

**देरी से बढ़ी छात्रों की चिंता**-रिजल्ट में देरी के चलते छात्रों में असमंजस की स्थिति बनी रही. हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि एमबीए द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 मई से निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही आयोजित की जाएंगी.

**मार्केटिंग में सबसे खराब स्थिति**-एमबीए मार्केटिंग मैनेजमेंट का परिणाम सबसे चिंताजनक रहा. यहां 600 से अधिक परीक्षार्थियों में से मात्र 30 छात्र ही पास हो सके. पास प्रतिशत 4% से बढ़कर केवल 7% तक पहुंच पाया. वहीं, एमबीए फाइनेंशियल एडमिनिस्ट्रेशन में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला. इस कोर्स में 150 छात्रों में से 42 छात्र पास हुए, जिससे पास प्रतिशत 25% से बढ़कर 36% तक पहुंच गया.

## अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे बिजली बिल भुगतान केंद्र

**इंदौर.** उपभोक्ताओं की सुविधा और मार्च माह के राजस्व संग्रहण महा अभियान को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है. इसके तहत इंदौर, उज्जैन, रतलाम सहित मालवा-निमाड़ क्षेत्र के सभी 435 जोन और वितरण केंद्रों के अंतर्गत आने वाले बिजली बिल भुगतान केंद्र मार्च के शेष दिनों में प्रतिदिन खुले रहेंगे. कंपनी द्वारा जारी जानकारी के अनुसार 19 मार्च गुड़ी पड़वा के साथ 20, 21 और 22 मार्च रविवार सहित अवकाश के दिनों में भी सभी भुगतान केंद्र खुले रहेंगे. उपभोक्ता इन केंद्रों पर कार्यालय समय में जाकर अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान कर सकेंगे. बिजली उपभोक्ताओं को कैशलेस भुगतान की सुविधा भी दी जा रही है, जिससे वे घर बैठे ही अपने बिजली बिल जमा कर सकते हैं. कैशलेस भुगतान करने पर प्रत्येक बिल पर निर्धारित छूट भी दी जाती है.

**छूट का लाभ अगले बिल में**-कंपनी के अनुसार कैशलेस भुगतान पर मिलने वाली छूट का उल्लेख उपभोक्ताओं के अगले बिजली बिल में स्पष्ट रूप से किया जाता है.

## पत्रकारिता अध्ययनशाला को 18 लाख का रिसर्च प्रोजेक्ट

▶ आईसीएसएसआर से मिला राष्ट्रीय स्तर का शोध अनुदान

**नवभारत न्यूज़**

**इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला को शोध के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है. भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद ने अध्ययनशाला को 18 लाख रुपये का रिसर्च प्रोजेक्ट प्रदान किया है. यह परियोजना विशेष रूप से संवेदनशील जनजातीय समूह पर केंद्रित होगी.**

इस शोध के तहत मंडला और डिंडोरी जिलों की बैगा जनजाति में सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम पर कार्य किया जाएगा। परियोजना का उद्देश्य संचार के व्यवहार परिवर्तन मॉडल के माध्यम से जागरूकता बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर प्रभावी समाधान तलाशना है. यह शोध दो वर्षों की अवधि में पूरा किया जाएगा.

**शोध प्रस्ताव और नेतृत्व**-इस परियोजना का प्रस्ताव अध्ययनशाला के सहायक प्राध्यापक डॉ. लखन रघुवंशी द्वारा तैयार किया गया है, जो इसके शोध निर्देशक भी होंगे. देशभर से आए प्रस्तावों में से केवल 64 का चयन हुआ, जिसमें यह प्रस्ताव भी शामिल है.

### विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय

कुलगुरु प्रो. डॉ. राकेश सिंघई ने इसे विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात बताते हुए कहा कि संस्थान सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में शोध को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है. विभागाध्यक्ष डॉ. सोनाली नरगुंदे ने बताया कि यह परियोजना जनजातीय समुदाय में स्वास्थ्य जागरूकता और संचार के प्रभावी माध्यमों को विकसित करने में सहायक होगी.

**स्थानीय समाधान पर रहेगा फोकस**-शोध के दौरान पारंपरिक और स्थानीय संचार माध्यमों का उपयोग कर सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम के लिए व्यवहारिक और स्थायी समाधान खोजने का प्रयास किया जाएगा.

## 25 मार्च तक जारी होगा कक्षा 5वीं और 8वीं का परिणाम, मूल्यांकन कार्य पूर्ण

**इंदौर. जिला शिक्षा अधिकारी शांता स्वामी के अनुसार कक्षा 5वीं और 8वीं की वार्षिक परीक्षाओं का मूल्यांकन कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर लिया गया है. मूल्यांकन के लिए जिले में कुल 6 केंद्र बनाए गए थे, जहां सुचारु रूप से कॉपियों की जांच की गई.**

परीक्षा में विद्यार्थियों की उपस्थिति

जानकारी के मुताबिक, कक्षा 5वीं की परीक्षा में लगभग 49,000 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जबकि कक्षा 8वीं में करीब 53,000 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए.

**कॉपियों का मूल्यांकन विवरण**-कक्षा 5वीं 8वीं के मूल्यांकन के दौरान कुल 3 25 हजार से अधिक कॉपियों की जांच की गई. कुल मिलाकर दोनों कक्षाओं की कॉपियों का मूल्यांकन बड़े पैमाने पर संपन्न हुआ.

### 25 मार्च तक परिणाम घोषित होने की संभावना

अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित नियमों के अनुसार 25 मार्च तक परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं.

प्रशासन की तैयारियां पूरी- शिक्षा विभाग द्वारा परिणाम जारी करने की प्रक्रिया को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों को समय पर उनका रिजल्ट मिल सके.

एक नजर में ▶ सागर में होगी राज्य स्तरीय बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, टेनिस व शतरंज की स्पर्धाएं

## शिक्षक, कर्मचारी खेलकूद स्पर्धाओं के लिए इंदौर संभाग की टीम चयनित

**इन्दौर.** मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत संभाग स्तरीय शिक्षक/ कर्मचारी एवं क्रीड़ा अधिकारी खेलकूद प्रतियोंगिता में बैडमिंटन, टेबल-टेनिस, टेनिस, शतरंज स्पर्धाएं आयोजित की गई. इसके बाद राज्य स्तरीय स्पर्धा हेतु टीमों का चयन किया गया.

स्पर्धा आयोजन सचिव डॉ. अनुपम शर्मा ने बताया कि शास. होलकर विज्ञान महाविद्यालय द्वारा आयोजित स्पर्धाओं में संभाग के शासकीय व अशासकीय अनुदान प्राप्त महाविद्यालय के महिला व पुरुष शिक्षक, क्रीड़ा अधिकारियों ने भाग लिया चयनित संभाग स्तरीय 24 से 26 मार्च को सागर में आयोजित राज्य स्तरीय स्पर्धा में भाग लेगी. स्पर्धा का शुभारंभ इन्दौर संभाग के अतिरिक्त संचालक, डॉ. आर.सी. दिक्षित एवं प्राचार्य डॉ. अनामिका जैन ने खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में राज्य शासन की इन स्पर्धाओं में भाग लेकर प्रतिसपर्धा कराने का आव्हान किया. इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी डॉ. नागेश डगांवकर, डॉ. विवेक रैच, डॉ. संजय व्यास मंच पर उपस्थित थे. प्राचार्य एवं अतिथियों का स्वागत डॉ. शुभदा भोसले ने किया. कार्यक्रम का संचालन एवं आभार डॉ. अनुपम शर्मा ने किया. अतिरिक्त संचालक डॉ. आर.सी. दीक्षित एवं प्राचार्य डॉ. अनामिका जैन ने चारों स्पर्धाओं को अलग-अलग वर्ग में मोमेंटो एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये.




### इनका हुआ चयन...

स्पर्धा आयोजन सचिव डॉ. अनुपम शर्मा ने बताया कि बैडमिंटन पुरुष टीम में डॉ. अमित राजपूत, डॉ.एस.एस.ठाकुर, श्री कृष्णकांत पुरोहित,डॉ. विवेक कपूर चुने गये. टेनिस डॉ. अनुराग हार्डिया, प्रवीण माने, डॉ. देवेन्द्र सिंह वर्मा ने टीम में स्थान बनाया. टेबल-टेनिस पुरुष वर्ग डॉ. मनोज सोनगरा, डॉ. अनुराग हार्डिया, प्रवीण माने, कृष्णकांत पुरोहित टीम में चयन किया गया. टेबल-टेनिस महिला वर्ग में डॉ. किरण बाला सलूजा, डॉ.प्रियदर्शिनी अग्रिहोत्री, डॉ. रोमा खुल्लर टीम में चयन हुआ. शतरंज महिला वर्ग डॉ. निधि परमार, डॉ. प्रो. वैशाली रामटेके, प्रो. करिश्मा अवासे, डॉ. रंजना रावत, बैडमिंटन महिला वर्ग डॉ. श्रद्धा मसीह, डॉ. रंजना रावत, डॉ. अनिता सोलंकी, डॉ.श्वेता पाटनकर का राज्य स्तर के लिये चयन किया गया.

---

एक नजर में

## पच्चीसवां सानंद गुड़ी पड़वा उत्सव आज

इंदौर. इस वर्ष सानंद का 25वां गुडी पाडवा उत्सव है. यह उत्सव मराठी साहित्य अकादमी मप्र संस्कृति परिषद भोपाल एवं संगीताचार्य द. वि. काणेबुवा प्रतिष्ठान पुणे के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है. सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे एवं सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि इस अवसर पर गायिका विदुषी मंजुषा पाटील, पुणे द्वारा अपने साथियों सहित कार्यक्रम मम सुखाची ठेव की प्रस्तुति 19 मार्च को शाम 6 .30 बजे लोकमता देवी अहिल्या सभागृह विश्वविद्यालय परिसर खंडवा रोड इंदौर मे होगी. कार्यक्रम के मुख्य अतिधि होंगे जबलपुर के समाजसेवी संतोष गोडबोले. विदुषी गायिका मंजुषा पाटील के साथ देश के सुविख्यात निवेदक राहुल सोलापूरकर कार्यक्रम का सूत्र संचालन करेंगे. संगतकार होंगे आर्गन-वरद सोवनी, तबला-विनायक जोशी, व्हायोलिन-राजेन्द्र भावे, पखवाज-नंदू भांडवलकर, टाळ-आनंद टाकळकर, साउंड इंजि. प्रशांत अरूणकर. इस अवसर पर सानंद द्वारा स्थापित 8वा डॉ. बा. श्री काळे स्मृति युवा पुरस्कार अनादि तागड़े को दिया जायेगा. सानंद न्यास के अध्यक्ष जयंत भिसे एवं सचिव संजीव वावीकर ने बताया कि कार्यक्रम सभी रसिक श्रोताओं के लिये नि:शुल्क एवं खुला है.



## मध्यभारत दक्षिण प्रांत के दायित्वधारी नियुक्त

इंदौर. भारत विकास परिषद केंद्रीय कार्यालय पीतमपुरा नई दिल्ली द्वारा जारी अधिकृत सूची में 89 प्रांतों के दायित्वधारियों की नियुक्ति की गई, जिसमें भारत विकास परिषद मध्यभारत दक्षिण प्रान्त के प्रान्त अध्यक्ष के रूप में विजय नामदेव धामनोद, खंडवा के डॉ शैलेंद्र महोदय को प्रान्त महासचिव एवं इंदौर के संजय भाटे को प्रान्त वित्त सचिव नियुक्त किया गया है. ज्ञातव्य रहे कि भारत विकास परिषद समृद्ध एवं प्रबुद्ध वर्ग के लोगों का राष्ट्रीय संगठन है जो वंचितों के लिए कार्य करता है एवं समाज के बीच सेवा के साथ साथ संस्कार प्रकल्पों पर भी कार्य किया जाता है.



विजय नामदेव | डॉ शैलेंद्र महोदय | संजय भाटे

## श्रीति राशिनकर को राज्य स्तरीय जाधव स्मृति सम्मान

इंदौर. हिंदी मराठी की कवयित्री श्रीति राशिनकर को हाल ही में महाराष्ट्र के राज्य स्तरीय काव्य लेखन स्पर्धा में अपने उत्कृष्ठ लेखन के लिए सम्मानित किया गया है. विस्तृत जानकारी देते हुए अरुण इंगवले और संतोष गोनबरे ने बताया कि चिपळूण की महाराष्ट्र साहित्य परिषद और कोकण मराठी साहित्य परिषद द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित ज्येष्ठ नाटककार अप्पा साहेब जाधव स्मृति प्रीत्यर्थ अभिनव राज्यस्तरीय काव्य स्पर्धा का आयोजन किया गया था. मराठी के अग्रज कवि मर्ढेकर की चर्चित कविता की पंक्ती 'गणपत वाणी' को केंद्र में रख कवितायें आमंत्रित की गई थी, जिसमें देश विदेश से तकरीबन साढ़े पांच सौ कवियों ने अपनी सहभागिता की थी. निर्णायक समिति ने इन कविताओं में से जिन आठ कवियों को सम्मानित किया उनमें मध्यप्रदेश से श्रीति राशिनकर को यह सम्मान प्राप्त हुआ है. उल्लेखनीय है कि लेखन, पत्रकारिता, संचालन में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाली श्रीति इसके पूर्व भी देश भर में अनेकों सम्मानों से सम्मानित हो चुकी है.



## निवेशकों का रूझान बढ़ रहा म्यूचुअल फंड में

इंदौर. क्वांटम एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने इंदौर में अपने नए ऑफिस का शुभारंभ किया. यह पहल मध्य भारत में कंपनी की उपस्थिति को और मजबूत करने की दिशा में एक अहम् कदम मानी जा रही है. इस अवसर पर सीमांत शुक्ला, चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, क्वांटम एएमसी, ने कहा इंदौर में आंत्रप्रेन्योरियल एनर्जी और वित्तीय समझ का ऐसा अनोखा मेल दिखाई देता है, जो लंबे समय से मध्य भारत के कारोबारी समुदाय की पहचान रहा है. हम इंदौर को मध्य भारत में निवेशकों की भागीदारी के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में देखते हैं. हम निवेशकों को पारदर्शी, रिसर्च आधारित और दीर्घकालिक निवेश समाधान देना जारी रखेंगे. मध्य प्रदेश अब म्यूचुअल फंड के लिए एक मजबूत बाजार के रूप में उभर रहा है. राज्य से म्यूचुअल फंड एयूएम 1.26 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो चुका है, जिसमें इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जैसे शहर आगे हैं. विगत 13 वर्षों में इन शहरों में एमएफ-टू-डिपॉजिट अनुपात चार गुना से अधिक बढ़ा है, जो राष्ट्रीय स्तर पर लगभग तीन गुना वृद्धि से भी ज्यादा है. यह स्पष्ट करता है कि निवेशकों का रुझान अब तेजी से म्यूचुअल फंड की ओर बढ़ रहा है. इस परिदृश्य में इंदौर की भूमिका खास है. दिसंबर 2025 तक शहर में म्यूचुअल फंड का औसत एसेट अंडर मैनेजमेंट (एएयूएम) लगभग 36,076 करोड़ रुपए रहा, जो राज्य के कुल म्यूचुअल फंड एसेट्स का करीब 29% है. यह बड़ा हिस्सा प्रदर्शित करता है कि मध्य भारत में निवेशकों की भागीदारी, डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क और वित्तीय सलाह से जुड़ी गतिविधियों के लिए इंदौर एक महत्वपूर्ण और तेजी से उभरता केंद्र बनता जा रहा है.



## एलपीजी संकट पर एनएसयूआई का पैदल मार्च

इंदौर. घरेलू और कॉमर्शियल एलपीजी गैस की समस्या को लेकर एनएसयूआई ने भाजपा सरकार पर आत्मनिर्भर भारत के नाम पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया है. संगठन के अनुसार, महू सहित इंदौर जिले के कई क्षेत्रों में गैस प्रबंधन को लेकर शिकायतें बढ़ रही हैं, जिससे आम जनता, छोटे व्यवसायी और छात्र प्रभावित हैं. डीएवीवी व अन्य कॉलेजों के मेस, रेस्टोरेंट और टिफिन सेंटर भी संकट में हैं. इन मुद्दों के विरोध में एनएसयूआई दोपहर 2 बजे खंडवा रोड स्थित तक्षशिला परिसर डीएवीवी से भंवरकुआ तक शांतिपूर्ण पैदल मार्च निकालेगी.

## भीम पेमेंट्स ऐप ने धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर

इंदौर. एनपीसीआई भीम सर्विसेज लिमिटेड ने आज विश्व कप विजेता और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को भीम पेमेंट एप, भारत का अपना पेमेंट्स ऐप का ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की. यह साझेदारी दो ऐसे नामों को एक साथ लाती है जो भरोसे, निरंतरता और विश्वसनीयता के प्रतीक हैं- ऐसे मूल्य जो पीढ़ियों और भौगोलिक सीमाओं से परे लोगों से जुड़ते हैं. जैसे-जैसे भीम भारत की डिजिटल पेमेंट्स यात्रा को सक्षम करते हुए अपने एक दशक के करीब पहुंच रहा है, यह सहयोग उसके अगले विकास चरण की दिशा में एक रणनीतिक कदम है, जो स्केल, समावेशन और दीर्घकालिक यूज़र विश्वास पर केंद्रित है. इस विकास पर बात करते हुए एनबीएसएल की एमडी और सीईओ ललिता नटराज ने कहा यह साझेदारी मूल्यों और यात्रा के स्वाभाविक मेल को दर्शाती है. भीम पेमेंट्स ऐप, नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर पर आधारित सुरक्षित डिजिटल भुगतान उपलब्ध कराता है, जबकि महेंद्र सिंह धोनी अपने शांत स्वभाव, अनुशासन और दबाव में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जाने जाते हैं. दोनों ने मजबूत आधार से आगे बढ़कर पूरे भारत की सेवा की है.

## अमेजन.इन ने एआई-संचालित फेस्टिव शॉपिंग पेश की

इंदौर. जैसे ही पूरे भारत में परिवार नवरात्रि, गुड़ी पाड़वा और ईद की तैयारियों में जुटे हैं, अमेजन.इन सोच-समझकर चुने गए प्रोडक्ट्स और लचीले डिलीवरी विकल्पों के साथ फेस्टिव शॉपिंग को आसान बना रहा है. रूफस, अमेजन का एआई-संचालित शॉपिंग असिस्टेंट, ग्राहकों को नैचुरल और कन्वर्सेशनल क्वेरी के जरिए प्रोडक्ट खोजने में मदद करता है. रूफस पर्सनलाइज्ड रिकमेंडेशन, प्राइस ट्रेंड्स और छोटे विजुअल एक्सप्लेनेशन प्रदान करता है, साथ ही ग्राहकों की पसंद और ऑर्डर हिस्ट्री को समझकर बेहतर सुझाव देता है. ग्राहक आसानी से सवाल पूछ सकते हैं जैसे 'नवरात्रि के व्रत के लिए खाने के आइटम सुझाएं,' 'ईद के लिए मिठाई के विकल्प बताएं,' या 'गुड़ी पाड़वा के लिए 500 रुपये के अंदर हेल्दी स्नैक्स,' और तुरंत संबंधित सुझाव प्राप्त कर सकते हैं. रूफस लगातार और अधिक स्मार्ट, तेज और सक्षम बनता जा रहा है, क्योंकि यह प्राइस हिस्ट्री को ट्रैक करता है. यह 30 से 90 दिनों की प्राइस हिस्ट्री ट्रैकर सुविधा देता है, जिससे ग्राहक देख सकते हैं कि कीमत सबसे कम है या नहीं, और प्राइस हिस्ट्री ऑप्शन पर क्लिक करके समझदारी से खरीदारी कर सकते हैं.